हमारे जलमार्गों की रक्षा में सहायता करने के लिए आप पाँच चीजें कर सकते हैं

हमारे नालों और नदियों में प्रवेश करने से पहले स्टॉर्मवाटर (तूफ़ानी वर्षा के जल) को अल्पतम उपचार प्राप्त होता है। घर पर हमारे कार्यकलाप आपके समुदाय के स्टॉर्म पोण्ड्स (तूफ़ानी वर्षा के तालाबों) में पानी की गुणवत्ता, और हमारे पर्यावरण में पानी की गुणवत्ता पर प्रभाव डाल सकते हैं।



- छत से पानी को नीचे लाने वाली पाइपों (डाउनस्पॉट) का मुँह लॉन और उद्यानों की ओर करें या वर्षा जल की टंकी (रैन बैरल) का उपयोग करें।

- उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को सीमित करें।

- अपने गेराज और रास्ते के मलबे को धोने के लिए पाइप का उपयोग करने के बजाय इसे झाड़ू से साफ़ करें।

- अपने वाहन को अपने रास्ते में धोने के बजाय कार वॉश पर धोएँ।

- घर पर और अन्यत्र अपने पालतू जानवर द्वारा छोड़ी हुई गंदगी को उठाएँ।

उपयोगी लिंक्स:

कचरे के उचित निपटान के लिए कैलगरी के तीन लैंडफिल (भराव-क्षेत्र) हैं:

पूर्व कैलगरी लैंडफिल
3801 - 68th St. S.E.

शेपर्ड लैंडफिल
12111 - 68th St. S.E.

स्पाईहिल लैंडफिल
11808 - 69th St. N.W.

किसी वस्तु के उचित पुनर्चक्रण या निपटान के बारे में जानने के लिए **calgary.ca/whatgoeswhere** देखें।

कैलगरी में आउटडोर स्केटिंग रिंक्स की सूची के लिए **calgary.ca/CSPS/Parks/Pages/Locations/Outdoor-skating-rinks.aspx** देखें।
सिटी ऑफ़ कैलगरी के अन्य सभी मनोरंजन कार्यक्रमों के लिए **calgary.ca/recreation** देखें।

कैलगरी में और इसके आसपास मछली पकड़ने के बारे में जानकारी के लिए **www.albertafishingguide.com** देखें।
अपनी सभी गैर-मोटरयुक्त नौकाविहार आवश्यकताओं (कैनोइंग और नौचालन आदि) के लिए ग्लेनमोर जलाशय का भ्रमण करें। अधिक जानने के लिए **calgary.ca** देखें।

कैलगरी के स्टॉर्म पोण्ड्स का प्रबंधन सिटी ऑफ़ कैलगरी द्वारा किया जाता है और खरपतवार, शैवाल और तलछट को नियंत्रित करने के लिए रखरखाव के अधीन है।

किसी भी मुद्दे और चिंताओं के लिए **311 से संपर्क करें** और इस बारे में अधिक जानने के लिए कि दि सिटी स्टॉर्म पोण्ड्स का प्रबंधन कैसे करता है **calgary.ca** देखें।

19-00118681

स्टॉर्म पोण्ड क्या होता है?

स्टॉर्म पोण्ड्स तलछट, उर्वरक, कीटनाशकों और अन्य प्रदूषकों को हटाने में सहायता करके हमारी नदियों को बचाते हैं, और साथ ही हमारे समुदायों को बाढ़ से बचाते हैं।



19-00118681 Translation of storm pond brochure.P1-hin_Outlined.indd 2
2/22/2019 7:40:44 PM

इसकी शुरुआत स्टॉर्मवाटर से होती है

जब बारिश होती है और जब बर्फ पिघलती है, तो पानी हमारी छतों, रास्तों, मैदानों, सड़कों और फुटपाथों से बहता है। यह स्टॉर्मवाटर आपके घर से और हमारे समुदायों में से, रास्ते की गंदगी, बजरी और प्रदूषकों को इकट्ठा करते हुए स्टॉर्म ड्रेन (वर्षा जल की नालियों) में बहा ले जाता है।

यह हमारी नदियों में जाता है

स्टॉर्मवाटर शहर की सड़कों की स्टॉर्म ड्रेन में खाली होता है जहाँ से बड़े भूमिगत पाइप इसे दूर स्टॉर्म पोण्ड्स में ले जाते हैं। बिना उस उपचार के जो कि एक स्टॉर्म पोण्ड प्रदान करता है, यह अनुपचारित पानी हमारी नदियों में जाता है।

स्टॉर्म पोण्ड्स हमारे जलमार्ग की रक्षा करते हैं

आपके समुदाय में, भूमिगत पाइप स्टॉर्मवाटर को स्टॉर्म पोण्ड्स में ले जाते हैं। स्टॉर्म पोण्ड को एक प्राकृतिक जल उपचार सुविधा के रूप में सोचें जो अतिशय स्टॉर्मवाटर के उन्मुक्त होने को नियंत्रित करके समुदायों को बाढ़ से बचाता है।



यह एक स्टॉर्म पोण्ड है

स्टॉर्म पोण्ड स्टॉर्मवाटर को ग्रहण कर के उसे – कुछ समय तक रोके रखता है। स्टॉर्म पोण्ड्स पानी की रफ़्तार को पर्याप्त समय तक धीमा रखते हैं जिससे तलछट और प्रदूषक बाहर निकल जाते हैं, जिससे हमारी नदियों और नालों में साफ पानी लौटने में सहायता मिलती है।

केवल काम और कोई खेल नहीं

स्टॉर्म पोण्ड्स का एक महत्वपूर्ण काम होता है। वे बाढ़ से समुदाय की रक्षा करते हैं और स्टॉर्मवाटर को स्वच्छ करते हैं। तेजी से बदलते पानी के स्तर और पानी की ख़राब गुणवत्ता की वजह से, स्टॉर्म पोण्ड्स मनोरंजनात्मक प्रयोजनों के लिए नहीं हैं।

पानी से बाहर रहें।
किसी भी प्रकार का जल संपर्क (तैराकी, पानी पर चलना, नौकाविहार) खतरनाक है और सख्ती से निषिद्ध है।

अपने पालतू जानवरों को पानी से दूर रखें।
अपने जानवरों को उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए स्टॉर्म पोण्ड्स से दूर रखें।

सर्दियों में बर्फ से दूर रहें।
तालाब में सड़क के लवण का बहना बर्फ को पतला और कमज़ोर बनाता है। जल स्तर और प्रवाह तेजी से बदलते हैं जो स्केटिंग या अन्य गतिविधियों को बेहद ख़तरनाक बना देते हैं।

स्टॉर्म पोण्ड में मछलियों को स्टॉक करने या पकड़ने के लिए न जाएँ।
स्टॉर्म पोण्ड में मछलियों को स्टॉक करना या फेंकना अवैध है। आक्रामक प्रजातियों, या वह नुकसान जिसका वे कारण बन सकती हैं और साथ ही संबंधित जुर्मानों के बारे में अधिक जानने के लिए **aep.alberta.ca/fish-wildlife/invasive-species** देखें।

स्टॉर्म पोण्ड में कचरा न फेंकें।
कचरे और पालतू जानवर के कचरे को प्रदान किए गए कचरा पात्र में डालें या इसे भराव-क्षेत्र में ले जाएँ।